**मुस्लिम प्रतिबन्ध से परे: अपने अधिकार जानें**

यदि आपको पुलिस, इमीग्रेशन एजेंटों, या एफबीआई द्वारा संपर्क किया जाता है तो आपको ये करना है।

मुस्लिम प्रतिबंध ट्रम्प प्रशासन के मुस्लिम, अरब, ईरानी, मध्य पूर्वी और दक्षिण एशियाई समुदायों को टारगेट करने का हिस्सा है। सुनिश्चित करें कि आप और समुदाय के अन्य सदस्य अपने अधिकारों के बारे में जानते हैं।

यह जानकारी कानूनी सलाह के रूप में अभिप्रेत नहीं है। कुछ राज्यों के कानून अलग-अलग हो सकते हैं। यदि आपको लगता है कि आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया है या आप इस बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो अपने स्थानीय ACLU से www.ACLU.org/affiliates पर संपर्क करें

पिछली बार 10/11/2017 को अपडेट किया गया

पुलिस, इमिग्रेशन, और एफबीआई से सामना करते समय आपके अधिकार और जिम्मेदारी:

• आपको चुप रहने का अधिकार है। यदि आप इस अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं, तो ज़ोर से बोलें "मैं चुप रहना चुनता हूँ।"
• आपको अपनी या अपने सामान की तलाशी के लिए सहमति देने से इनकार करने का अधिकार है।
• आप उनसे पूछें कि क्या आप जाने के लिए स्वतंत्र हैं? यदि वे हां कहते हैं, तो शांति और चुपचाप वहां से चले जाएँ।
• यदि आपको हिरासत में लिया जाता है, तो तुरंत एक वकील से बात करने के लिए कहें और चुप रहने के अपने अधिकार का दावा करें।
• अपने हाथों को ऐसी जगह रखें जहां पुलिस उन्हें देख सकती है।
• अगर आप निर्दोष हैं या पुलिस आपके अधिकारों का उल्लंघन कर रही है, तो भी पुलिस से दूर न भागें, विरोध न करें या उन्हें रोके नहीं।
• अपनी इमीग्रेशन की स्थिति सहित किसी भी बारे में झूठ न बोलें या झूठे दस्तावेज न दें।
• आपके इमीग्रेशन या नागरिकता की स्थिति कुछ भी हो, आपके पास संवैधानिक अधिकार हैं।

**यदि आपसे इमीग्रेशन (ICE या CBP) द्वारा सड़क पर, आपकी कार में, या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संपर्क किया जाता है (अमेरिका में प्रवेश या पुन: प्रवेश के बारे में नीचे चर्चा की गई है) :**

• **अमेरिकी नागरिक:** आपको अपनी नागरिकता का प्रमाण दिखाने या आप कहाँ पैदा हुए या आपने देश में प्रवेश कैसे किया, इस बारे में सवालों के जवाब देने की ज़रूरत नहीं है। आप यह भी कह सकते हैं कि आप चुप रहना चाहते हैं।
• **गैर-अमेरिकी नागरिक:** यदि कोई एजेंट आपसे इमीग्रेशन पेपर दिखाने का अनुरोध करता है और आपके पास हैं, तो उन्हें एजेंट को दिखाएं। यदि आपके पास ये पेपर नहीं है, तो बताएं कि आप चुप रहना चाहते हैं। (नोट: अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और हवाई अड्डों पर और यदि आप किसी गैर-इमीग्रेशन वीजा पर हैं, जिनमें पर्यटक और व्यावसायिक यात्री शामिल हैं तो अलग नियम लागू होते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया ACLU से संपर्क करें।)

**यदि एफबीआई आपसे सवाल या साक्षात्कार करने के लिए पूछता है:**

• आपको साक्षात्कार देने से इंकार करने का अधिकार है।
• आपको किसी भी प्रश्न का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है, भले ही उनके पास वारंट हो।
• सवालों के जवाब देने या साक्षात्कार से पहले, आपके पास एक वकील के साथ बात करने और एक वकील की मौजूदगी का अधिकार है।
• यदि आपने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी एक वकील का मौजूद होना बेहतर है।

**यदि आपके घर पर पुलिस, एफबीआई या इमीग्रेशन एजेंट आते हैं:**

• उन्हें आपको एक वारंट दिखाने के लिए कहें। आपको किसी को अपने घर के अंदर प्रवेश देने की ज़रूरत नहीं है जब तक कि उनके पास एक न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित वारंट न हो।
• इमीग्रेशन एजेंटों (ICE) के पास एक दस्तावेज हो सकता है जिस पर लिखा है "वारंट" या "एक विदेशी की गिरफ्तारी के लिए वारंट" लेकिन यह एक न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है। यदि दस्तावेज़ पर एक ICE अधिकारी या सुपरवाइजर द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं, न कि एक न्यायाधीश द्वारा, तो आपको उन्हें अपने घर में प्रवेश देने या उनसे बात करने की ज़रूरत नहीं है।
• यदि वे आपको एक न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित वारंट दिखाते हैं:
  o आपको अभी भी उनसे बात करने की ज़रूरत नहीं है और आप उनसे बात करने का फैसला करने से पहले एक वकील से बात कर सकते हैं। यदि आप उनके साथ बात करना चुनते हैं, तो अपने घर के बाहर आ जाएँ और दरवाजा बंद कर दें (जब तक कि उनके पास घर में प्रवेश करने के लिए तलाशी का वारंट न हो)।
  o एक न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित गिरफ्तारी वारंट उन्हें अंदर आने की अनुमति देगा यदि उन्हें लगता है कि वे जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने आये हैं वह घर के अंदर है।
  o एक न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित तलाशी का वारंट उन्हें विशिष्ट क्षेत्रों में तलाशी लेने या उन्हें वारंट पर सूचीबद्ध विशिष्ट वस्तुओं को खोजने की अनुमति देगा।

**यदि आप हवाई अड्डे पर या अंतर्राष्ट्रीय सीमा से अमेरिका लौट रहे हैं:**

• कस्टम अधिकारी आपको अमेरिका में प्रवेश के बॉर्डर या बंदरगाहों पर रोक सकते हैं और आपके सामान की तलाशी ले सकते हैं, यहां तक कि बिना कोई संदेह होने पर भी। हालाँकि, वे केवल आपके धर्म, नस्ल, जातीयता, राष्ट्रीय मूल, लिंग, या राजनीतिक विश्वासों के कारण आपको टारगेट नहीं कर सकते हैं।
• आपकी इमीग्रेशन स्थिति के बारे में प्रश्न:
o यदि आप अमेरिकी नागरिक हैं और अपना पासपोर्ट दिखाते हैं, तो आपको उनके सवालों का जवाब देने की जरूरत नहीं है, हालांकि आपकी यात्रा की प्रकृति और उद्देश्य के बारे में नियमित सवालों के जवाब देने से इंकार करने के परिणामस्वरूप देरी हो सकती है या निरीक्षण में अधिक समय लग सकता है।
o यदि आप अमेरिकी नागरिक नहीं हैं और आप सवालों के जवाब देने से इनकार करते हैं, तो वे आपको देश में प्रवेश करने से मना कर सकते हैं। यदि आप सवालों के जवाब देना चुनते हैं, तो सच बोलें।
• आपकी धार्मिक मान्यताओं और प्रथाओं या राजनीतिक विचारों के बारे में प्रश्न: आपको इन सवालों का जवाब देने की आवश्यकता नहीं है। यदि इस तरह की पूछताछ जारी रहती है तो आप सुपरवाइजर को देखने का अनुरोध कर सकते हैं ।
• लैपटॉप और सेल फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खोज करने के लिए अनुरोध: क्या अधिकारियों के पास इन उपकरणों की सामग्री को बिना किसी संदेह के खोजने का अधिकार है यह वर्तमान में एक विवादित मुद्दा है।

o आप पासवर्ड प्रदान करने या उपकरणों को अनलॉक करने से इनकार कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने से आपको विलंब हो सकता है, लंबी पूछताछ हो सकती है, और / या आपके डिवाइस को आगे निरीक्षण के लिए जब्त किया जा सकता है।

o **अमेरिकी नागरिक:** यदि आप यह जानकारी नहीं देते हैं तो आपको प्रवेश से वंचित नहीं किया जा सकता है।

o **गैर-अमेरिकी नागरिक:** यह संभव है कि यह जानकारी उपलब्ध न कराने से आपको देश में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।